# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

✸ सिवनी-मालवा ✸ पिपरिया ✸ सोहागपुर ✸ मुलताई ✸ सारनी ✸ आमला ✸ टिमरनी ✸ खिरकिया

भोपाल 19 जनवरी 2026


## न्यूज कार्नर

### लीकेज पाइप लाइनों का मरम्मत कार्य जारी

**जागरण नर्मदापुरम।** नगरपालिका समूचे नगर में लीकेज पाइप लाइनों की मरम्मत कार्य कर रही है। आज आदमगढ़ क्षेत्र में पाइप लाइन लीकेज होने पर तत्काल नपा की टीम पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कराया। सहायक सुनील राठौर ने बताया कि वार्ड क्रमांक 19 आदमगढ़ विवेकानंद स्कूल के सामने पाइप लाइन लीकेज हो गई थी जिसका नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर सुधार कार्य किया जा रहा है। हेमर से सीमेंट कांक्रीट की सड़क को तोड़कर पाइप लाइन ठीक की जा रही है।

### हिंदू सम्मेलन पर निकली कलश यात्रा



**जागरण सिवनी मालवा।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों हिंदुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न मोहल्ले से महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा के साथ हुई। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर स्थानीय कल्लू चौक पर एकत्रित हुई और यहां से सामूहिक रूप से चल समारोह के रूप में निकला जिसमें मां काली एवं महारानी लक्ष्मी बाई के रूप में सजी बालिकाएं वाहनों पर विराजमान थी उनके पीछे महिलाओं का विशाल समूह कलश लेकर बढ़ता रहा। कलश यात्रा स्थानीय हंसराज गार्डन पर पहुंची जहां गौ पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा नारी सुरक्षा विषय पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसे उपस्थित नागरिकों ने खूब सराहा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर समाज को जागरूक करना और एकता का संदेश देना है। विराट हिंदू सम्मेलन के माध्यम से सनातन संस्कृति, नारी सम्मान एवं सुरक्षा पर विशेष जोर दिया।

## सोहागपुर-करनपुर के बीच पेट्रोल पंप के पास हुआ सड़क हादसा

# कोचिंग से लौट रहे छात्रों की स्कूटी खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी, तीन की मौत

**जागरण सोहागपुर।** समीपस्थ ग्राम आमदेही निवासी तीन नाबालिकों की मौत सोहागपुर करनपुर के बीच स्थित चौधरी पेट्रोल पंप माय सिटी के पास हुए एक सड़क हादसे में हो गई। घटना शनिवार रात्रि करीब 8 बजे की है। कक्षा 9 वी में अध्यनरत तीनों नाबालिकग कोचिंग पढ़कर दो पहिया वाहन क्र. एमपी 05 जेड जे 3240 से अपने घर लौट रहे थे। तभी सड़क पर धान के बोरों से लदी ट्रैक्टर ट्राली अंधेरे में दिखाई नहीं दी और इलेक्ट्रिक स्कूटी ट्राली के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों नाबालिगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान आमदेही निवासी शिव पिता रामेश्वर रघुवंशी उम्र 14 वर्ष, अश्विन पिता ललित रघुवंशी उम्र 15 वर्ष एवं मनुराज रघुवंशी पिता प्रवीण रघुवंशी उम्र 15 वर्ष सभी निवासी ग्राम आमदेही के रूप में हुई है। तीनों छात्रों के सिर में गहरी चोट आने से हुआ तेज रक्त स्राव मौत की वजह बना।

थाना प्रभारी उषा मरावी ने चर्चा में बताया कि ट्रैक्टर ट्राली के पीछे न तो इंडिकेटर लगे हुए थे ना ही ब्रेक बत्ती थी और न ही रेडियम की लाल पट्टी। जिसके कारण सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली छात्रों को दिखाई नहीं दी और वे उससे टकरा गए। रविवार को सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में ड्यूटी चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम कर मृतकों के शव परिजनों के सुपुर्द किए गए। इधर तीन नाबालिगों की एक साथ अर्थी उठने के कारण ग्राम आमदेही में मातम पसरा हुआ है।

पुलिस द्वारा ट्रैक्टर क्र एमपी 05 जेडजी 3634 के चालक के विरुद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक विवेचना दौरान ट्रैक्टर चालक के अलावा ट्रैक्टर ट्रॉली मालिक की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी और विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी। धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस थाने में खड़ा कराया गया है।



### स्कूल प्रबंधन ने रखा एक दिन का अवकाश

दुर्घटना में जान गंवाने वाले छात्र अश्विन पिता ललित रघुवंशी, शिव पिता रामेश्वर रघुवंशी और मनुराज पिता प्रवीण रघुवंशी तीनों सोहागपुर के सेंट पेट्रिक स्कूल के स्टूडेंट थे। रोजाना वे आमदेही से 5 किमी दूर सोहागपुर आते थे। तीनों विद्यार्थियों के निधन पर विद्यालय परिवार में शोक की लहर है। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप मिंज द्वारा तीनों विद्यार्थियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सोमवार को एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

### नाबालिग बेखौफ दौड़ा रहे वाहन

यातायात सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। वैसे तो 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा सड़क पर दो पहिया वाहन दौड़ाया जाना कानूनन अपराध है फिर भी स्कूल एवं कोचिंग समय पर पहुंचने के लिए अभिभावकों की मूक सहमति पर नाबालिग बच्चे सड़क पर अपने वाहन दौड़ा रहे हैं लेकिन जिस प्रकार से अभिभावको ने अपने बच्चों को वाहन पकड़ाए हैं उसी प्रकार से बच्चों की सुरक्षा के लिए हेलमेट की अनिवार्यता एवं तेज रफ्तार पर नियंत्रण दोनों की ही जवाबदेही अभिभावकों को निभाना चाहिए।

## जनप्रतिनिधियों में श्रेय लेने की होड़

प्रतिभूति कागज कारखाने के लिए नई यूनिट स्वीकृत हुई तो लोकसभा और राज्यसभा सांसद के बीच श्रेय लेने की प्रतिस्पर्धात्मक होड़ दिखी। भारतीय मजदूर संघ पदाधिकारी और भाजपा मीडिया प्रभारी भी परेशान और संशय में दिखे कि आखिर इसका श्रेय किसको दे? हालांकि राज्यसभा सांसद ने इसका श्रेय पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली और भारतीय मजदूर संघ को देकर मामले का पटाक्षेप किया उन्होंने साफगोई से कहा हमने सिर्फ प्रशासकीय प्रक्रिया को गति देने का काम किया। चकल्लस चाचा का कहना है कि केंद्र की योजना का श्रेय लेने वाले माननीय क्षेत्रीय चिंता भी पाल ले जिनकी वोट से जीते है उन्हीं किसान को खाद नहीं मिल रहा और फसल बेचने में भी परेशान हो रहे है। इन अन्नदाता की चिंता छोड़ श्रेय लेने की होड़ में न लगे। कहावत भी है कि घर के चूल्हे की चिंता छोड़ शादी में नाचना कहा तक उचित है।

**चाचा की चकल्लस**



राजेंद्र ठाकुर, नर्मदापुरम

### क्या सचमुच कांग्रेस सक्रिय हो गई है?

पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का जिले के ग्रामीण अंचल में आगमन हुआ तो कांग्रेस में बहुत दिनों बाद ऊर्जा दिखाई दी। हमने चकल्लस चाचा से पूछा कि क्या सचमुच कांग्रेस संगठन सक्रिय हो गया है ? चाचा ने कहा नए-नए मुर्गे है बांग दे रहे है तो सक्रियता दिख रही है। थोड़े दिन रुको और देखो कि गुटबाजी फिर कैसे हावी होगी और फिर जब टिकट का दौर आयेगा तो केंद्रीय नेता इन्हीं कार्यकर्ता के ऊपर पैराशूट प्रत्याशी देकर इनकी सक्रियता का मखौल उड़ाएंगे।

### सत्ताधारी दल के पूर्व में भी एक अभूतपूर्व

सत्ताधारी दल के संगठन मुखिया को प्रशासनिक तवज्जो मिलना लाज़िमी है नर्मदा जयंती महोत्सव की सार्वजनिक मीटिंग में कांग्रेस पार्षद ने अपनी पार्टी के जिलाध्यक्ष को भी मंचीय सम्मान देने की बात कही तो प्रशासकीय अधिकारी संशय में पड़ गए। हालांकि सर्वविदित है कि सत्तापक्ष के जिलाध्यक्ष को ही तवज्जो मिलती है। शिवराज सरकार ने तो सभी भाजपा जिलाध्यक्षों को प्रदेश अंत्योदय समिति का सदस्य मनोनीत कर सरकारी प्रोटोकॉल देकर शासकीय कार्यक्रमों में मंचीय सम्मान की व्यवस्था की थी लेकिन मोहन सरकार में अभी ऐसी व्यवस्था के अभाव में कई जगह जिलाध्यक्ष शासकीय कार्यक्रम में प्रोटोकॉल अंतर्गत फिट नहीं हो पाते तो पार्टी कार्यकर्ता हल्ला बोल देते है। जिला प्रशासन ऐसी परिस्थिति से कई बार दो चार हो चुका है। चकल्लस चाचा का कहना है भाई ये पार्षद नहीं जानते राजनीतिक हैसियत सिर्फ सत्ताधारी दल के संगठन की मानी जाती है तभी तो भाजपा संगठन के पूर्व पदाधिकारी भी प्रशासनिक सम्मान पा रहे है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्षों में से भी एक ही विधानसभा में तीन पूर्व जिलाध्यक्ष हैं पर एक को अभूतपूर्व सम्मान मिलने का मुद्दा तो उनकी पार्टी में भी मचा है कि पूर्व जिलाध्यक्ष में से एक को अभूतपूर्व सम्मान बाकी दो पूर्व की उपेक्षा क्यों ? चकल्लस चाचा कहते हैं भाई समय-समय का खेल है जिसके हाथ में सत्ता ,संगठन के सूत्र होते है उसकी ही जय होती है।

### जन्मदिन के बहाने शक्ति प्रदर्शन

गत दिवस जिला भाजपा में दो भाजपा नेताओं का जन्मदिन मनाया गया । अब लोग इसमें भी राजनैतिक मतलब तलाशने लगे कि जिन नेताओं के जन्मदिन का केक काटा गया वे एक माननीय के विरोधी माने जाते है। चक्लस चाचा का कहना है कि कार्यक्रम के सूत्रधार अब अपेक्षित श्रेणी में नहीं रहे पर कार्यालय का मोह नहीं त्याग पाए इसलिए किसी न किसी बहाने कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने किसी भी कंधे का सहारा लेना चाहते है । अब हास्यास्पद स्थिति ये भी है कि जो लोग भोपाल जाकर जिला संगठन का विरोध करते है वहीं लोग कार्यालय में आकर जिला पदाधिकारी का जन्मदिन भी मना रहे है । अब इन्हें कौन बताए कि आधे गाल से हंसना और आधे गाल से नाराज होना एक साथ संभव नहीं होता।

## बस स्टैंड पर चलाए विशेष जांच अभियान में आरटीओ ने 11 बसों पर की चालानी कार्रवाई



**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशों के पालन में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में नर्मदापुरम बस स्टैंड पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आरटीओ रिंकु शर्मा एवं परिवहन निरीक्षक अनिमेष जैन द्वारा 25 से अधिक बसों की सघन चेकिंग की गई। जांच में कई बसों में 10 किलोग्राम से कम क्षमता के अग्निशामक यंत्र पाए गए तथा कुछ में अग्निशामक यंत्रों की एक्सपायरी तिथि समाप्त हो चुकी थी। इसके अतिरिक्त बसों में अनधिकृत अतिरिक्त एलईडी लाइट लगाए जाने के मामले भी सामने आए। इन अनियमितताओं पर कुल 11 बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान अधिकारियों ने बस चालकों को वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यात्री सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक बस में मेडिकल बॉक्स उपलब्ध रखने, 10 किलोग्राम क्षमता के वैध अग्निशामक यंत्र रखने, अतिरिक्त एलईडी लाइट न लगाने, यात्रियों से निर्धारित से अधिक किराया न लेने एवं उनके साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने की हिदायत दी गई।

आरटीओ रिंकु शर्मा ने बताया कि यदि कोई बस बिना वैध परमिट संचालित पाई जाती है तो मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम की नवीन संशोधित धारा 13(2)(क) के तहत बैठक क्षमता के अनुसार प्रति सीट 1000 रुपये का कर तथा मोटर यान अधिनियम की धारा 192 (क) के अंतर्गत 10,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया जाएगा।

## नेहरू पार्क में नए पुराने गीतों से सजी शाम

**जागरण नर्मदापुरम।** नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा आयोजित प्रत्येक रविवार को स्थानीय नेहरू पार्क में सुरीला नर्मदापुरम गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस रविवार को भी नेहरू पार्क में सुरीला नर्मदापुरम के संगीत कलाकारों द्वारा अपने संगीत के माध्यम से शाम सुरीली की। कार्यक्रम से जुड़े मनीष परदेशी ने बताया कि रविवार को नेहरू पार्क में 30 से अधिक संगीत कलाकारों ने गीत गाए। कार्यक्रम में मनोज यादव, कमल झा, हरीश मांझी, संजय साहा, अनुजा आचार्य, शाहिद खान, तरुण देव, आशीष शुक्ला, हेमंत साहू, कमल सिंह राजपूत, कंचन , मोनल हरने, एमएस राजपूत, रक्षा श्रीवास्तव , सचिन गौर, माधवी मनीष दुबे, सीमा रैकवार, संजीव सक्सेना, डॉ आरके चौधरी, भारती शुक्ला, चंद्रप्रभा नामदेव, वासुदेव सेन, विवेक गौर, ज्योतिर्मयी महापात्रा, राजेंद्र सिंह राजपूत, सीमा रैकवार , डॉ नैना सोनी, सरोज, तन्मय यादव, रीतेश साहू सहित अन्य संगीत कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।



## मातृशक्ति के सफाई अभियान में पुलिसकर्मियों ने बंटाया हाथ



**जागरण नर्मदापुरम।** मां नर्मदा के चित्रगुप्त घाट पर हर रविवार को अभा कायस्थ मातृशक्ति समाज द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। इस बार रविवार और मौनी अमावस्या का विशेष संयोग होने के कारण घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी, जिससे गंदगी और कीचड़ की स्थिति बनी हुई थी। मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में जब महिलाएं पूरी तन्मयता से फूल-मालाएं और कचरा साफ करने में जुटी थीं, तब वहां सुरक्षा व्यवस्था में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी राजकुमार तिवारी और लखन बरकडे ने जब महिलाओं श्रमदान करते देखा, तो वे अपनी वर्दी की गरिमा के साथ सफाई के इस महाकुंभ में खुद को शामिल होने से नहीं रोक पाए और मातृशक्ति के साथ सफाई में जुट गए। उन्होंने कहना कि माँ नर्मदा की सफाई की जिम्मेदारी सिर्फ आपकी नहीं, हमारी भी है। हम यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात हैं, लेकिन मां की सेवा से बड़ा कोई कर्तव्य नहीं। हमें भी इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने दें और दोनों पुलिसकर्मियों ने भी सफाई कार्य में हाथ बंटाया। इस अवसर पर बैंक सेवानिवृत अधिकारी विजय वर्मा, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, प्रीती खरे, सीबी खरे, केशव वर्मा, सुमन वर्मा, अश्विनी, रश्मि सक्सैना, रश्मि वर्मा, ममता तिवारी लालता प्रसाद, जानकी, आयुषी सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## नर्मदापुरम में होगा संयुक्त माली सैनी समाज का राष्ट्रीय महाधिवेशन

**जागरण नर्मदापुरम।** ऑल इंडिया माली सैनी सभा, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में शहडोल में मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस सामाजिक समागम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम ऑल इंडिया माली सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सैनी के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव मोहन पटेल, कल्पना सैनी, विनीता सैनी, बृजमोहन सैनी, गोविंद सैनी, राजेश सैनी, मनमोहन सैनी, सुशील बाड़ोलिया, विनोद माली, सत्यनारायण कच्छावा सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी ने अपने उद्बोधन में युवाओं को समाज के संगठनात्मक कार्यों में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर युवा पीढ़ी को समाज का नेतृत्व संभालना चाहिए, जिससे एक नई, सक्षम और कुशल पीढ़ी का निर्माण हो सके। श्री सैनी ने बताया कि 11अप्रैल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं महाधिवेशन नर्मदापुरम में आयोजित किया जाएगा।

**ऑल इंडिया माली सैनी सभा मप्र के मिलन समारोह में हुआ निर्णय**

उन्होंने बताया कि संगठन को आर्थिक रूप से मजबूती के लिए नर्मदापुरम में प्रत्येक सामाजिक व्यक्ति से 240 रूपये सालाना सहयोग राशि की जा रही है जिसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

प्रदेश सचिव बृजमोहन सैनी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी से मिलकर उन्हें समाप्त करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मिलन समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। आभार विनीत सैनी ने एवं संचालन चारुलेखा बड़ोलिया ने किया।

## नर्मदा जयंती महोत्सव : मनभावन चित्रकारी से सज रहे घाट

**जागरण नर्मदापुरम।** 25 जनवरी को मां नर्मदा जन्मोत्सव और नगर गौरव दिवस मनाने के लिए नपा ने तैयारियां तेज कर दी है। घाटों को रंग बिरंगे रंगों से सजाया गया है। वहीं दीवारों पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का चित्रकारों द्वारा चित्रण किया गया जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। उपयंत्री आयुष रिछारिया ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर मां नर्मदा जयंती और नगर गौरव दिवस की तैयारियां की जा रही हैं। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित थीम पर कार्य किया जा रहा है। पर्यटन घाट पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उठाए गए गोवर्धन पर्वत का चित्रण किया है तो वहीं घाटों पर सुदर्शन चक्र, शंख और लीलाओं की कथाओं मनभावन चित्रण किया गया है। शनिवार को सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा घाट का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान तैयारियां संबंधी कार्य की समीक्षा की और घाट पर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए थे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बताया गया कि 25 जनवरी को मां नर्मदा का जन्मोत्सव और नगर गौरव दिवस भक्ति भावना और धूमधाम से मनाया जाएगा। घाटों की रंगाई पुताई चल रही है। विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसलिए समस्त नागरिकों से आग्रह है कि वे मां नर्मदा के घाटों पर किसी भी प्रकार की गंदगी न करें। घाटों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।



## माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम संपन्न

**जागरण माखननगर।** स्वामी विवेकानंद के 163वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामोदय से अभ्युदय पखवाड़ा के अंतर्गत माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचयन अध्यक्ष सावित्री परनामे, उपाध्यक्ष लालचंद यादव उपाध्यक्ष, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, जिला समन्वयक पवन सहगल, जिला योजना समिति सदस्य अजीत सेठी, विकास खंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख, नवांकुर संस्था से मनीष चतुर्वेदी, विपिन यादव, हरीश नामदेव नीतिराज यादव, सुरेश यादव, परामर्शदाता हर्ष तिवारी, मनीष यादव, राकेश कीर, पूनम मीना, मुकेश यादव सहित कई विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीत सेठी एवं अध्यक्षता करते हुए पवन सहगल एवं विकास खण्ड समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने अभियान के तहत समुदाय आधारित विकास, नेतृत्व प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## विधायक की अनुशंसा पर प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**जागरण नर्मदापुरम।** सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से विकासखंड माखननगर में 5 निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रु की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर विधायक निधि से विकासखंड माखननगर के ग्राम ग्राम पंचायत मांगरोल के ग्राम ढोंडई में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीनकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बीकोर में सार्वजनिक चबूतरे के लिए 50 हजार रुपए, ग्राम पंचायत जावली में चबूतरे के सामने पेविंग ब्लॉक के लिए 1 लाख रुपए, ग्राम पंचायत में दो अलग-अलग स्थान पर चबूतरा निर्माण के लिए 50-50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## समेरिटंस के विद्यार्थियों ने खेल एवं सांस्कृतिक आयोजन में दी प्रस्तुति



**जागरण नर्मदापुरम।** समेरिटन्स स्कूल सोहागपुर में धर्मक्षेत्र खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में अनुशासन, उत्साह देखने को मिला। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, साहस एवं धर्ममय जीवन मूल्यों का विकास करना रहा। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, पं. प्रकाश मुदगल महाराज, नीलम शर्मा, बीके शैलम दीदी, समन्वयक आरके सिंह, जागृति सिंह आदि उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. पिंकी ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने मार्च पास्ट, खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में अभिभावकों की खेल स्पर्धाएं भी हुई, जिसमें अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**सम्मेलन** | माधव बस्ती में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में भगवामय हुआ माहौल, निकाली भव्य रैली

# हिन्दू सम्मेलन का लक्ष्य हिन्दू समाज में राष्ट्र चेतना सुदृढ़ करना है : यादव

**जागरण नर्मदापुरम।** संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर माधव बस्ती, नर्मदापुरम में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन ने संपूर्ण क्षेत्र को भगवामय कर दिया। प्रातः 9 बजे से राजा मोहल्ला, जगदीशपुरा, सेठानी घाट, नारायणपुर, भीलपुरा एवं बीटीआई क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से मातृशक्ति, महानुभावों एवं बच्चों द्वारा भव्य रैली निकाली गई।

यह रैलियां अलग-अलग मोहल्लों से होती हुई जुमेरात स्थित काली मंदिर में एकत्रित हुईं, जहां से एक विशाल भगवा रैली के रूप में सभी आगे बढ़े। युवाओं की टोलियों में बजरंग अखाड़ा के साधकों ने उत्कृष्ट विद्यालय में एकत्र होकर अपने शौर्य एवं अनुशासन का प्रदर्शन किया। संत, विप्र समाज एवं धर्माचार्यों के सान्निध्य में भारत माता के पूजन-अर्चन के साथ भव्य हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात माधव बस्ती के कलाकारों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत संघ के गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के अतिथि धर्माचार्य आचार्य सोमेश परसाई ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्म का पालन करते हुए समाज सेवा करना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है। सनातन मूल्यों को आत्मसात कर अपनी परंपराओं से भावी पीढ़ी को अवगत कराना आज की आवश्यकता है।



मुख्य वक्ता जिला सह कार्यवाह बलराम यादव ने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस सम्मेलन का प्रमुख लक्ष्य समाज में हिंदू चेतना, सांस्कृतिक एकता एवं राष्ट्रीय भावना को सुदृढ़ करना है। यह आयोजन समाज को उसके संस्कारों, परंपराओं एवं मूल्यों से जोड़ते हुए संगठन, समरसता और सेवा भाव को सशक्त करता है। इसके माध्यम से हिंदू समाज में एकजुटता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध तथा आगामी पीढ़ी में संस्कार और आत्मगौरव का संचार किया जा रहा है, जिससे एक सशक्त, समन्वित एवं राष्ट्रनिष्ठ समाज का निर्माण हो सके। हिंदू सम्मेलन में मात्र शक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रही जिससे सम्मेलन की भव्यता को और भी प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में श्री स्वामी नर्मदा मुनि, स्वामी नर्मदादास, धनंजय नारायण, महंत बलरामदास , आचार्य आयुष आर्य, श्री नीरजेश त्रिपाठी, कोमल प्रसाद तावड़िया, हिंदू सम्मेलन समिति संयोजक चंद्रकांत अग्रवाल सहित सकल हिंदू सम्मेलन समिति माधव बस्ती के सदस्य एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## न्यूज कार्नर

### गुरु रविदासजी पुराण 23 जनवरी से



**जागरण, सिराली।** आदर्श अहिरवार समाज संगठन सिराली एवं गुरु रविदास के अनुयायियों द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में तृतीय वर्ष गुरु रविदासजी पुराण का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 23 जनवरी बसंत पंचमी को कलश यात्रा सुबह 10 बजे, मंदिर शिखर स्थापना 11 बजे एवं कथा 12.30 से 3.30 बजे तक आयोजित होगी। कथा वाचक आत्माराम धनगर के मुखार बिंद से होगा। कथा का समापन 27 जनवरी को भंडारा प्रसादी के साथ होगा। संगठन के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर पीले चावल रख लोगों को कार्यक्रम मे आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष राम सिंह गन्नौरे, उपाध्यक्ष ईश्वर दास मालवी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गन्नौरे, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र बघेल, प्रचार मंत्री सुरेश राठौड़ सदस्य निर्भय दास बघेल आदि उपस्थित रहे।

### दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका बनी दीपिका



**जागरण, टिमरनी।** नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की माता और बहनों की सेवा के लिए और अपने धर्म की रक्षा के लिए मातृशक्ति का गठन संपन्न हुआ। जिसके तहत टिमरनी प्रखंड में एक सामाजिक समरसता का कार्यक्रम किया गया, जिसमें सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजन कर दीप प्रज्वलित किया, फिर आचार्य पद्धति से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें टिमरनी प्रखंड खंड प्रमुख सुलेखा उपस्थित रही। लगभग 60 बहनों ने उपस्थिति दर्ज कराई। सभी बहनें एक साथ बैठकर कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, हिंदू धर्म की रक्षा पर विस्तार से चर्चा की और सुहाग सामग्री बांटी गई। दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका के रूप में दीपिका जायसवाल को नियुक्त किया। कार्यक्रम के दौरन सुरेखा बड़ोदिया, प्रतिभा काले, रजनी बड़ोदिया, शिला भद्रावले, सरिता सोनी, मंजू अग्रवाल आदि मातृशक्ति उपस्थित रही।

### आरएनटीयू संवाद कार्यक्रम आयोजित



**जागरण, टिमरनी।** नगर में आरएनटीयू संवाद कार्यक्रम का आयोजन एक होटल में किया गया। रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए आरएनटीयू संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 20 शिक्षकगण उपस्थित रहे तथा 163 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्कॉलरशिप टेस्ट, कॉमन एंट्रेंस टेस्ट में भाग लिया। इसके साथ ही परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के निदेशक अक्षत शुक्ला पूरे समय कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सीनियर मैनेजर शिवम उपाध्याय एवं असिस्टेंट मैनेजर राहुल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा विद्यार्थियों को परीक्षा और भविष्य की तैयारी को लेकर प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति एवं करियर अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा।

### पंचतत्व में विलीन हुए पुजारी दादा

**जागरण, रहटगांव।** सत्यनारायण, मंगल, मनोज के पिता जितेंद्र, अभय दुबे के दादा प्रेमनारायण दुबे पुजारी दादा का निधन 93 वर्ष की उम्र में शुक्रवार रात में हों गया। शनिवार सुबह स्थानीय मुक्तिधाम रहटगांव में नम आंखों से परिवार ने अंत्येष्ठी की। उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। पुजारी दादा को श्रद्धांजलि देने आसपास के गांव से काफी लोग पहुंचे।

जिला पंचायत की टीम शिकायतों की जांच करने पहुंची, तभी बिगड़ा स्वास्थ्य

# ड्यूटी के दौरान पंचायत सचिव की तबीयत बिगड़ी, हार्ट अटैक से मौत

**जागरण, हरदा।** जिले की ग्राम पंचायत पलासनेर के सचिव ओमप्रकाश गुर्जर की शनिवार शाम ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उनकी मृत्यु हार्ट फेल होने से हुई। रविवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद सरपंच संघ और सचिव संघ ने एसडीएम संजीव कुमार नागू को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत पलासनेर की सरपंच सरोज चौरसिया ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग और उपसरपंच सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा सचिव और सरपंच के खिलाफ लगातार झूठी शिकायतें की जा रही थीं। इससे सचिव ओमप्रकाश गुर्जर मानसिक तनाव में थे।



### जांच टीम पहुंचते ही बिगड़ी पंचायत सचिव की तबीयत

तहसीलदार राजेंद्र पंवार ने बताया कि जिला पंचायत की टीम एक शिकायत के आधार पर जांच के लिए ग्राम पंचायत पलासनेर पहुंची थी। इसी दौरान सचिव ओमप्रकाश गुर्जर को अचानक चक्कर आ गया और वे गिर पड़े। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तहसीलदार ने कहा कि ज्ञापन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सचिव संघ कर रहा धरना प्रदर्शन की तैयारी

सूत्रों के अनुसार अधिकारियों की कथित प्रताड़ना के आरोपों को लेकर सचिव संघ सोमवार से धरना-प्रदर्शन की तैयारी कर रहा है। मामले को लेकर जिले में प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। उल्लेखनीय है कि पलासनेर ग्राम पंचायत को लेकर उपसरपंच अजय मिश्रा और ग्रामीणों ने पलासनेर पंचायत में हुई अनियमितता को लेकर कमिश्नर को शिकायत की गई थी। जिसके आधार पर अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही थी।

### स्टेडियम ग्रुप ने दी श्रद्धांजलि

सचिव ओमप्रकाश नेहरू स्टेडियम में नियमित योग करने आते थे। इस घटना के बाद नेहरू स्टेडियम के राधे-राधे ग्रुप ने उन्हें सुबह श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व ग्रुप के सदस्यों ने श्री गुर्जर का स्मरण करते हुए कहा कि वे प्रतिदिन अलसुबह यहां पर योगा और व्यायाम करने आते थे। अपने खानपान पर भी वे विशेष रूप से ध्यान देते थे। इसके बावजूद इस प्रकार से उनका चले जाना बेहद दुःखद है। मौजूद सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को इस गहन दुख को सहन करने हेतु शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## खेलो मप्र यूथ गेम्सः शौर्य और जय ने तैराकी में जीते पदक

### अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिनिधित्व



**जागरण, हरदा।** मध्य प्रदेश में आयोजित हो रहे खेलो मप्र यूथ गेम्स के तहत जिला खेल और युवा कल्याण विभाग नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हरदा जिले के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। ब्लॉक समन्वयक सुश्री सलमा खान ने बताया कि हरदा के शौर्य सोनी ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने 100 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक और 50 मीटर फ्री स्टाइल में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा जय गुर्जर ने फ्री स्टाइल 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रकार दोनों ही खिलाडियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई। दोनों खिलाडी 27 जनवरी से इन्दौर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाडियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल, कोच ज्ञान सिंह फूलरे ने खिलाडियों को शुभकामनाएं दी।

### खेडीपुरा में आज से संगीतमय श्रीराम कथा, सुबह निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**जागरण, हरदा।** शहर के खेडीपुरा मोहल्ले में खेडापति मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर आज से भव्य एवं संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पं विद्याधर उपाध्याय करेंगे। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कथा के आरंभ से पूर्व आज प्रातः 9 बजे भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें महिलाओं और बालिकाओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। डीजे, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के बीच शोभायात्रा मुख्य मार्गों से गुजरते हुए कथा स्थल पर पहुँचेगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। पं उपाध्याय भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, भक्ति और धर्म के संदेशों का विस्तार से वर्णन करेंगे। बीच-बीच में प्रस्तुत होने वाले भजन कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

## माधव बस्ती के हिन्दू सम्मेलन में एक साथ तीन हजार लोगों ने किया सहभोज

### हिंदुत्व का भाव ही भारत को अखंड रखेगाः गोविंद राजपूत

**जागरण, टिमरनी।** जैसे एक बच्चे को जन्म देने के बाद जीवन भर माँ उसका पोषण करती है, उसको संस्कार देती है, उसकी चिंता करती है, वैसे ही यह पृथ्वी माता हर मनुष्य का पोषण करती है, संरक्षण करती है, इसलिए भारत को माता कहा गया। जननी और जन्मभूमि के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना ही हिंदुत्व है। यही हिंदुत्व भाव भारत को अखंड रख सकता है। यह बात रविवार को संघ के जिला कार्यवाह गोविंद राजपूत ने कही। वे नगर की माधव बस्ती के हिन्दू सम्मेलन को मुख्य वक्ता की हैसियत से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा सनातन संस्कृति में पेडों को भी पूजा है, पहाडों को भी पूजते हैं, नदियों को भी नर्मदा मैया, यमुना मैया और गंगा मैया कहा है। प्रकृति के हर जीव को जीने का अधिकार और उसके प्रति कृतज्ञता भाव रखा है, यही भाव हिंदुत्व है। इसके अभाव में भारत को अखंड रखना मुश्किल है। विधर्मी भारत की ताकत एकता को तोडना चाहते हैं, उसे जाति, मत, पंथ में बाँट कर पुनः गुलाम बनाना चाहते हैं, हमें सावधान होना होगा। हमें भी देश, समाज की रक्षा के लिए संतति संख्या पर ध्यान देना होगा, तभी हिन्दू की रक्षा संभव हैं। इसके पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रतिभा ओमप्रकाश गोयल ने कहा पूरी दुनिया को अपना कुटुंभ मनाने वाले हम, अपने ही कुटुंभियों के बीच प्रेम से नहीं रह पा रहे, यह चिंता का विषय है। श्रीमती गोयल ने पंच परिवर्तन समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी, स्व बोध और कुटुंभ प्रबोधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य



कृपाशंकर सारस्वत निमियाखेडी व संत शिवगिरी महाराज संन्यास आश्रम ओंकारेश्वर थे। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोहा लिया। कार्यक्रम में समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वाले मांगीलाल गौर, अनिल जैन, प्रेमनारायण जगताप, सुरेन्द्र जगताप, सुनील गौर, धीरज गौर, कुबेर जैन, मनोज व मनीष अग्रवाल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विवेक अतुल भुस्कुटे, राहुल जैन, सुभाष पारे, कुमुद पालीवाल, आकांक्षा कौशल ने किया। आभार माधव बस्ती प्रमुख विनोद राजपूत ने माना।

### करताना में भव्य शोभायात्रा निकाली गई

संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत रविवार को टिमरनी खंड के करताना मंडल द्वारा ग्राम करताना में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व प्रातः कन्याओं द्वारा कलश पर नारियल रखकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो रामदेव बाबा चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए शगुन मैरिज गार्डन पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने घरों के सामने रंगोली बनाकर और पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्याम शर्मा, विभाग सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि समाज में समरसता और संगठन शक्ति से ही देश का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का आह्वान किया। साथ ही कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, नागरिक शिष्टाचार और राष्ट्रभक्ति जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। हिंदू सम्मेलन में करताना, गोदड़ी, काथडी, रूंदलाय, गुल्लास और खोड़ियाखेड़ी सहित आसपास के गांवों से लगभग 1900 ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे, जिनमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सम्मेलन समिति के संयोजक गजेंद्र जादौन ने आभार व्यक्त किया।

कृषकों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती की बताई विशेषता

## राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत श्रीअन्न कार्यशाला आयोजित

**जागरण, रहटगांव।** राजाबरारी में कृषि विभाग द्वारा राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत श्री अन्न कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं कृषि के देवता भगवान बलराम को माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकास खंड टिमरनी वीरेंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया। उनके द्वारा ई विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण प्रणाली के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। उप संचालक जवाहर लाल कास्दे द्वारा घर के हर सदस्य को घरेलू बचत ओर आवश्यकता अनुसार फसल लगाने की सलाह दी एवं कृषकों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती के विषय में बताया एवं सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल द्वारा श्री अन्न के महत्व बताए गए। सहायक संचालक अभियांत्रिकी प्रीति चौधरी द्वारा कृषि यंत्रों के विषय में बताया किस प्रकार कृषक यंत्र अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ ओपी भारती द्वारा कृषकों से सवाल-जवाब में श्री अन्न जैविक खेती एवं तत्काली फसलों पर चर्चा की। राजाबरारी स्टेट प्रबंधक धर्मपाल द्वारा कृषकों को कृषि विभाग से जुड़ने की सलाह दी ओर बायो गैस बनवाने के लिए प्रेरित किया। स्टेट के रेंजर अमित चंद्राकर द्वारा कार्यक्रम में सभी का आभार व्यक्त किया।



उक्त कार्यक्रम में कृषि वर्ष 2026 के रथ का संचालन कर विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया। रथ का संचालन राजाबरारी, बोरी एवं कायरी ग्राम में किया गया। रथ के प्रभारी सहायक संचालक राम कृष्ण मंडलोई एवं सहायक पशुपालन विभाग कृषि विस्तार अधिकारी शिवम कुशवाह, राहुल चौहान, अजय परते एवं शैलेन्द्र सिंह सिंगोड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 250 कृषकों द्वारा कार्यक्रम का लाभ लिया गया।

### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियानः स्वावलंबी बन कर ही स्वदेशी की ओर कदम बढ़ाया जा सकता हैः अवस्थी

**जागरण, खिरकिया।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्राम विकास पखवाड़ा 12 से 26 जनवरी तक मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत खिरकिया ब्लॉक में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुधीर सोनी एवं मुख्य वक्ता के रूप में अंकित अवस्थी, समाजसेवी हरिओम गुर्जर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात ब्लॉक समन्वयक श्रीमती विनीता शाह द्वारा जन अभियान परिषद का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद उद्बोधन में मुख्य अतिथि सुधीर सोनी द्वारा सरकार द्वारा विभागों के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही समरसता के भाव को आत्मसात करने हेतु सभी से आग्रह किया गया। मुख्य वक्ता अंकित अवस्थी द्वारा युवाशक्ति को देश की रीड बताते हुए आह्वान किया गया की स्वालंबी बन कर ही स्वदेशी की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। एक समय भारत वर्ष सोने की चिड़िया कहलाता था। हमारी संस्कृति और संपन्नता देख कर ही विदेशी आकर्षित हो कर यहां आए। हमे वो पुनः प्राप्त करने के लिए स्वदेशी और स्वालंबी बनने पर जोर देना होगा। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता, गीत, गायन और शपथ सहित विभिन्न कार्यक्रम किए गए। मंच संचालन करते हुए ऋषि विश्नोई ने कहा कि अतिथियों का सानिध्य हमे वट वृक्ष सी छांव, चंदन सी महक प्रदान करता है। आभार परामर्शदाता मुकेश कुम्हारे ने व्यक्त किया। इस दौरान मनोज राय, अपेक्षा दशोरे, अंजना श्रीवास्तव, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं एवम नागरिक उपस्थित रहे।

**अव्यवस्था** | अन्य छात्रावासों की स्थिति पर भी उठे सवाल, की जाने लगी जांच की मांग

## एकलव्य छात्रावास के पंचनामा ने खोली व्यवस्थाओं की पोल

**जागरण, हरदा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सामने आई गंभीर अव्यवस्थाओं के पंचनामा ने जिले के अन्य शासकीय छात्रावासों की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था और निगरानी तंत्र को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली कटघरे में आ गई है।

### पंचनामा में सामने आई गंभीर लापरवाहियां

17 जनवरी 2026 को प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किए गए निरीक्षण के दौरान एकलव्य छात्रावास के खाद्य भंडारण कक्ष में कई गंभीर खामियां सामने आईं। पंचनामा के अनुसार आटे, चावल और पोहे जैसी आवश्यक खाद्य सामग्री पर न तो किसी कंपनी या ब्रांड का नाम अंकित था और न ही एक्सपायरी तिथि। नमकीन के 45 पैकेट एक्सपायर्ड पाए गए, जबकि बेसन के पैकेट चूहों द्वारा कुतरे हुए मिले। चावल की बोरियों में कीट एवं दलिया पाए जाने से भंडारण व्यवस्था की पोल खुल गई।

### अन्य में भी ऐसी ही स्थिति की आशंका

एकलव्य छात्रावास की स्थिति उजागर होने के बाद अब जिले के अन्य




शासकीय छात्रावासों विशेषकर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग छात्रावासों की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार कई छात्रावासों में वर्षों से एक ही आपूर्तिकर्ता से खाद्यान्न की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन गुणवत्ता की नियमित जांच नहीं हो रही है। भंडारण कक्षों में नमी, चूहे और कीटों की समस्या आम बताई जा रही है।

### निगरानी तंत्र पर उठे गंभीर सवाल

नियमों के अनुसार छात्रावासों में खाद्य सामग्री की आपूर्ति, भंडारण एवं वितरण की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। इसके बावजूद एकलव्य छात्रावास में एक्सपायर्ड और बिना पहचान वाली सामग्री मिलना यह दर्शाता है कि निगरानी तंत्र या तो निष्क्रिय है या औपचारिकता तक सीमित रह गया है।

### विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से किया जा रहा खिलवाड़

छात्रावासों में रहने वाले अधिकांश विद्यार्थी दूरस्थ ग्रामीण और आदिवासी अंचलों से आते हैं। ऐसे में घटिया और दूषित भोजन उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक खराब गुणवत्ता का भोजन बच्चों में कुपोषण, पेट संबंधी बीमारियों और संक्रमण का कारण बन सकता है।

### जिलेभर में छात्रावासों की जांच की मांग तेज

पंचनामा सामने आने के बाद अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के सभी छात्रावासों में एकसमान एवं स्वतंत्र जांच की मांग की जा रही है। मांग की जा रही है कि केवल कागजी जांच नहीं, बल्कि खाद्य सामग्री की प्रयोगशाला जांच भी कराई जाए।

### संबंधितों से जवाब-तलब किया जा रहा है

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि एकलव्य छात्रावास में मिली कमियों को गंभीरता से लिया गया है और संबंधितों से जवाब-तलब किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यदि अन्य छात्रावासों में भी इसी प्रकार की अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो संबंधित प्रभारियों एवं आपूर्तिकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अब निगाहें प्रशासनिक फैसलों पर

एकलव्य छात्रावास का पंचनामा केवल एक संस्था की स्थिति नहीं दर्शाता, बल्कि यह जिले के संपूर्ण छात्रावासीय तंत्र की वास्तविक तस्वीर पेश करता है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इसे चेतावनी मानकर व्यापक सुधार करता है या यह मामला भी अन्य फाइलों की तरह दबकर रह जाएगा।

## मोक्ष की रुचि पैदा होगी तभी आसक्ति कम होगीः मुनिश्री

**जागरण, खिरकिया।** मांगलिक भवन में विराजित जिन शासन गौरव आचार्य पर पूज्य उमेश मुनि महाराज साहब के शिष्य जिनेंद्र मुनि महाराज के आज्ञानुवर्ती पूज्य धर्मेंद्र मुनि महाराज ने धर्म सभा को बताया कि हमारी ऐसी स्थिति है, हम छोटे-छोटे सुखों में ही आनंद मान रहे हैं, मोक्ष का सुख तो अनंत गुना है। हम मनुष्यों से अनंत गुना सुख देवों का है और देवों से अनंत गुना सुख मोक्ष का है। हम जो धर्म आराधना कर रहे हैं, वह हमें मोक्ष के लिए करना है। हम प्रतिवर्ष अंतगण सूत्र में सुनते हैं कि गजसुकमाल मुनि के सर पर अंगारे रखे गए, कर्मों की वजह से भगवान के कानों में किले ठोके गए, कर्मों की वजह से। अतः इन कर्मों को नष्ट करने और जीतने के विषय में हमें सोचना है। मोक्ष की रुचि पैदा होगी तभी आसक्ति कम होगी। मोक्ष की तीव्र इच्छा से ही पुरुषार्थ होता है। हम एक शरीर को छोड़कर फिर दूसरा शरीर धारण करते हैं, इस प्रकार यह चक्र कब तक चलेगा, हमें अशारीरिक बनने के लिए पुरुषार्थ करना होगा। प्रशस्त मुनि महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए बताया कि 32 आगमो में से सबसे महत्वपूर्ण और आवश्यक आगम है। आवश्यक सूत्र इसे प्रतिक्रमण भी कहते हैं। यह आवश्यक सूत्र चारों तीर्थ के लिए आवश्यक है और इसी आवश्यक सूत्र का एक पाठ है। नमोत्थुणं पाठ इस सूत्र का नाम इसके प्रथम अक्षर की अपेक्षा से नमोत्थुणं इसे प्रणिपात सूत्र भी कहते हैं। प्रणिपात अर्थात नमस्कार करना। अरिहंत भगवान को केवल ज्ञान के पश्चात अप्रत्यक्ष रूप से नमोत्थुणं सूत्र के पाठ से नमस्कार किया जाता है। परोक्ष रूप से नमस्कार के इस पाठ से किया जाता है। इसी सूत्र का तीसरा नाम है शक्रस्तव शकेंन्द्र के द्वारा स्तुति होने से इसका शक्रस्तव है। शकेंन्द्र जो प्रथम देवलोक के इंद्र है, वह भगवान की स्तुति इसी पाठ के द्वारा करते हैं। अब प्रश्न यह है कि शकेंन्द्र को यह नमोत्थुणं का पाठ कैसे आता है, तो आचार्य भगवान ने इस अपेक्षा से दो संभावनाएं फरमाई है कि या तो वहां के कोई बड़े सामायिक देव उन्हें यह पाठ बताते हैं या फिर वहां का कोई आचार संपदा जो किसी में लिखी हुई हो उससे शकेंन्द्र यह जानते होंगे। ज्ञान का विशिष्ट आलंबन श्रुत ज्ञान है। नमस्कार दो प्रकार से किया जाता है द्रव्य नमस्कार और भाव नमस्कार, यह नमस्कार पुण्य रूप भी है और धर्म रूप भी है, क्योंकि नमस्कार करना हमारी संस्कृति है, विनीत भाव से भी किए जाते हैं और नमस्कार स्वार्थ भाव से भी किया जाता है। धर्म सभा में धर्मदास गण के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने गण द्वारा आचार्य श्री के स्मृति में चलाए जा रहे अष्ट प्रकार के प्रकल्पों का उल्लेख के आगामी 11 मार्च से वर्षीतप प्रारंभ करने का आव्हान किया। प्रभावना का वितरण भरत भंसाली परिवार द्वारा किया गया।

# करबला माचना पर फोरलेन पुल का भूमिपूजन 18.43 करोड़ की सौगात

## 25 वर्षों से लंबित मांग होगी पूरी, कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आयाम

**बैतूल जागरण।**

विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से जिले को बड़ी विकासात्मक सौगात मिली है। बैतूल-खेड़ी मार्ग पर माचना नदी पर बनने वाले 4-लेन पुल के निर्माण कार्य का रविवार को करबला घाट पर भव्य कार्यक्रम के दौरान विधिवत भूमिपूजन किया गया।

इस पुल का निर्माण 18.43 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके और विधायक हेमंत खंडेलवाल ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक महेंद्र सिंह चौहान, चन्द्रशेखर देशमुख, डॉ. योगेश पंडाग्रे, गंगाबाई उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर, जनपद अध्यक्ष इमला बाई जावलकर, पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि यह दिन बैतूल जिले के लिए ऐतिहासिक है। माचना नदी पर पुल निर्माण की मांग पिछले 20-25 वर्षों से की जा रही थी, जो अब साकार हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में पुल की लागत 6 करोड़ रुपए निर्धारित थी, लेकिन जनभावनाओं और भविष्य की



यातायात जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसे बढ़ाकर 18.43 करोड़ रुपए किया गया। पुल की चौड़ाई भी 30 फीट से बढ़ाकर 60 फीट की गई है, जिससे आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा। विधायक ने कहा कि यह पुल बैतूल शहर के साथ-साथ घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही और आठनेर क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा तथा भविष्य के फोरलेन मार्गों से जुड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैतूल जिले को सड़क, चिकित्सा, उद्योग और खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि विधायक हेमंत खंडेलवाल के निरंतर प्रयासों से बैतूल में विकास के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हो रहे समग्र विकास की सराहना की। एसडीओ ब्रिज गिरीश हिंगवे ने जानकारी दी कि यह 100 मीटर लंबा और 18.50 मीटर चौड़ा 4-लेन पुल होगा, जिसे 18 माह की अवधि में पूर्ण किया जाएगा।

# खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों को किया पुरष्कृत

**बैतूल/ जागरण ।**

चिचोली तहसील की ग्राम पंचायत चिरापाटला में शनिवार को शासन की जनकल्याणकारी पहल के अंतर्गत आनंद उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों, ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिरापाटला भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि आनंद उत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जीवन में खुशियों को बढ़ावा देना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित आनंद उत्सव ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का कार्य कर रहा है। इससे ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। उन्होंने ग्राम पंचायत एवं आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। आनंद उत्सव के अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकनृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चिचोली श्रीमती प्रतिभा जैन, चिरापाटला भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, ग्राम पंचायत चिरापाटला सरपंच रामपाल भलावी, कार्यक्रम प्रभारी चिरापटला रामदीन चोलकर, कार्यक्रम के सह प्रभारी सुखदेव गुजरे, वरिष्ठ नेता धीरज लाल यादव, ओम प्रकाश कडोपे, चंपालाल सेलुकर, विजय मार्सकोले, शैलेंद्र कहार, मिश्रीलाल भलावी, दिनेश इरपाचे सहित बच्चे ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पंधाना में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**जागरण,खण्डवा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पंधाना द्वारा 'ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान' के अंतर्गत रविवार को शहीद टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय पंधाना में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ पंधाना विधायक छाया मोरे ने दीप प्रज्वलित कर एवं एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

विधायक छाया मोरे ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति का गौरव विश्व पटल पर स्थापित किया और देश का मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्री अजय गुजरे ने जन अभियान परिषद द्वारा संचालित 'ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान' के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता दीपक यादव ने किया । आभार प्रदर्शन धीरज पंचोरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी नवांकुर संस्थाएं प्रस्फुटन समिति एवं विद्यार्थी परामर्शदाता एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंधाना विधायक छाया मोरे एवं शासकीय महाविद्यालय पंधाना जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राम प्रकाश शुक्ला उपस्थित रहे।



### स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने के लिए शपथ दिलाई

इसके बाद शासकीय महाविद्यालय से मुख्य वक्ता के रूप में राम प्रकाश शुक्ला ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने हेतु सभी को शपथ भी दिलाई।

# कंप्यूटर शिक्षा लेने आईसीएसटी पहुंचे उमरिया के छात्र, आईटी कैरियर समझा

**बैतूल, जागरण।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया, विकासखंड आमला के नवमीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के आईटी विषय के विद्यार्थियों ने कंप्यूटर शिक्षा को नजदीक से समझने के उद्देश्य से आईसीएसटी कंप्यूटर एजुकेशन संस्थान बैतूल का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना रहा, ताकि वे कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को वास्तविक रूप में समझ सकें। भ्रमण के दौरान आईसीएसटी कंप्यूटर एजुकेशन संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को संस्थान के विभिन्न विभागों का विस्तार से अवलोकन कराया गया। छात्रों को कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, आईटी एप्लीकेशन, डिजिटल लर्निंग और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही कंप्यूटर शिक्षा के महत्व और दैनिक जीवन में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के बारे में भी समझाया गया। संस्थान में मौजूद शिक्षकों और प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को आईटी क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों जैसे सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डाटा एंट्री, ग्राफिक डिजाइनिंग, नेटवर्किंग और अन्य तकनीकी कोर्सों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने जिज्ञासावश कई प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा सरल भाषा में किया गया। विद्यालय के शिक्षक गौरव मन्यासे ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिली है।

# इनामी दंगल में नामी पहलवानों ने दिखाए दाव-पेंच, दिखा रोमांच




**बैतूल / जागरण ।**

लंबे समय बाद जय हनुमान व्यायाम शाला एवं दंगल आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन गंज स्थित शनिचरा मंदिर के पास किया गया, जहां कुश्ती प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दंगल में बैतूल सहित अमरावती, अचलपुर, परतवाड़ा, भोपाल, नागपुर, होशंगाबाद, सिवनी मालवा सहित अन्य जिलों से आए नामी पहलवानों ने अपने दाव-पेंच दिखाए। प्रतियोगिता में 45 किलोग्राम से लेकर 85 किलोग्राम तक के विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले हुए, जिन्हें देखने के लिए सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे। रोमांचक मुकाबलों के दौरान दर्शकों ने तालियों की गूंज से पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन समिति के गौरव राठौर और विवेक मालवीय ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 2 लाख रुपए की इनामी राशि रखी गई है, जो विभिन्न वर्गों के विजेता पहलवानों को प्रदान की जाएगी। दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा, समाजसेवी रंजीत शिवहरे भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता देर शाम तक जारी रहेगी, जिसके बाद विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान का नीलकंठेश्वर महाविद्यालय में आयोजन



**जागरण,खंडवा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समाजकार्य स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों की कार्यशाला में रविवार को श्री नीलकंठेश्वर महाविद्यालय खंडवा में ब्लाक स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

जिसमें जिला समन्वयक जगदीश पटेल, डॉ अदिती शर्मा, अभिनेष सिंह समाजसेवी, निकिता वेलफेयर सोसायटी से रोशनी झा,नवांकुर संस्था से रामकुमार वर्मा, एवं ब्लाक समन्वयक राजकुमार मालाकार,की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचारों पर स्वावलंबन, स्वैच्छिकता, पर्यावरण संरक्षण, सामुहिक्ता, नशामुक्त समाज पर विचार रखे। अभिनेष सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा स्वदेशी अपनाओ एवं विदेशी चीजों का बहिष्कार करें।

परामर्शदाता मयंक राठोर ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया एवं अभियान के तहत शपथ दिलाई गई इ

इस अवसर पर राहुल राठवे, नारायण फरकले, विवेक सारसर सहित नवांकुर संस्थाओं प्रस्फुटन समितियों के सदस्य मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी शामिल रहे।

## न्यूज कार्नर

### डॉ. निहारिका भावसार का एमपीपीएससी में चयन

**बैतूल जागरण।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र परीक्षा-2022 का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें बैतूल की डॉ. निहारिका भावसार का चयन हुआ है। डॉ. निहारिका भावसार की स्कूली शिक्षा भोपाल से हुई, जबकि स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई नागपुर यूनिवर्सिटी से पूर्ण की, जहां वह हमेशा टॉपर रहीं। वर्ष 2019 में उन्हें पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई तथा 2023 में उन्होंने एमपीपीएससी द्वारा आयोजित सेट (एमपीसेट) परीक्षा भी उत्तीर्ण की। वर्ष 2022 की सहायक प्राध्यापक लिखित परीक्षा उन्होंने वनस्पति शास्त्र और प्राणीशास्त्र दोनों विषयों से पास की, लेकिन साक्षात्कार के लिए प्राणीशास्त्र विषय चुना और अंतिम चयन सूची में स्थान बनाया। आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका होने के कारण सुदर्शन क्रिया और ध्यान ने उन्हें इस लंबी प्रक्रिया में मानसिक मजबूती दी। डॉ. निहारिका भावसार ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता श्रीमती संध्या अमृते एवं मनोहर अमृते तथा अपने पति गौरव भावसार को दिया है, जिन्होंने पढ़ाई और निरंतर परिश्रम में हर कदम पर सहयोग किया। इस उपलब्धि पर सास-ससुर श्रीमती सपना भावसार एवं तरुण भावसार, भाई आशीष- आर्ट ऑफ लिविंग, लायंस क्लब परिवार एवं मित्रों ने बधाई दी।

### गांव बेटी का चयन

**बैतूल।** आठनेर ब्लॉक के बोरपेंड गांव की बेटी शिवानी उइके ने अपनी मेहनत और लगन से जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शिवानी का चयन सीमा सुरक्षा बल (क्लस्त्र) में हुआ है। किसान पिता फकीरा उइके की इकलौती बेटी शिवानी अब देश की सीमाओं पर पहरा देंगी। शिवानी बचपन से ही देश की सेवा का सपना देखती थीं। वे बताती हैं 'बचपन से ही सोचती थी कि मुझे बॉर्डर पर जाकर देश के लिए कुछ करना है। मम्मी-पापा तैयार नहीं थे, कहते थे कि इकलौती बेटी है, बॉर्डर पर कैसे जाएगी। लेकिन मैंने समझाया कि आज की लड़कियां हर जगह पहुंच गई हैं, तो आपको चिंता नहीं करनी चाहिए।

### 86 वाहन चालकों पर चालान, 5 शराब तस्कर पकड़े गए

**जागरण,खण्डवा।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस ने व्यापक स्तर पर सख्त कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में जिलेभर में एक ही दिन में यातायात,अवैध शराब और असामाजिक गतिविधियों पर ताबड़तोड़ एक्शन देखने को मिला। जिले के विभिन्न थानों द्वारा अलग-अलग न्यायालयों के 18 गिरफ्तारी वारंट,1 स्थायी वारंट,36 जमानती वारंट और 50 समन की तामीली की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से लंबे समय से लंबित मामलों में तेजी आई है। अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसते हुए पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते एक व्यक्ति को पकड़ा,वहीं छैगांवमाखन थाना क्षेत्र से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। मूंदी थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग मामलों में देशी प्लेन मदिरा के 54 क्वार्टर बरामद किए गए। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। 'सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा' थीम के तहत चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले में विशेष यातायात अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट, तीन सवारी, तेज रफ्तार, बिना सीट बेल्ट, बिना नंबर प्लेट और बीमा रहित वाहनों सहित विभिन्न उल्लंघनों पर 86 वाहन चालकों के चालान काटे गए। इस दौरान 37,700 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।

### दिव्यांग बालको के चेहरे पर आई मुस्कान

**खण्डवा।** लियो क्लब खण्डवा ने महत्वपूर्ण सक्रांति महापर्व लालचौकी स्थित मूक बधिर दिव्यांग आश्रम के बच्चों के साथ मनाया। जानकारी देते हुए नारायण बाहेती ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लियो क्लब खण्डवा परिवार ने अपनी खुशियों का रुख मन में विशेष स्थान बना चुके दिव्यांग आश्रम की ओर मोड़ा। मकर संक्रांति के इस दान-पुण्य के पर्व पर क्लब के साथियों ने इन दिव्यांग बच्चों के संग वक्त बिताया और खुशियों की नई डोर थामी।

# नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले पिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**जागरण,खंडवा।** जिले के पिपलोद थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी पिता ने रिश्तों की सारी हदें पार करते हुए अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध किया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और 12 घंटे के भीतर आरोपी को दबोच कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पीड़िता की शिकायत पर 17 जनवरी 2026 को थाना पिपलोद में गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय ने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद पूरे पुलिस महकमे में हलचल मच गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारनेकर एवं डीएसपी मुख्यालय अनिल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पिपलोद निरीक्षक सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तेज़ी से कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को 17 जनवरी को ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को 18 जनवरी 2026 को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जिला जेल खंडवा भेज दिया गया।

**नाबालिगों के खिलाफ अपराध पर सख्त रुख:** पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी चाहे कितना भी नजदीकी रिश्ते में क्यों न हो, कानून अपना काम करेगा।

**पुलिस की तत्परता बनी उदाहरण:** इस संवेदनशील मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से न केवल आरोपी की गिरफ्तारी संभव हुई, बल्कि समाज को यह कड़ा संदेश भी गया कि अपराध छिप नहीं सकता।

**सराहनीय भूमिका:** इस कार्रवाई में डीएसपी मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, थाना प्रभारी सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय, आरक्षक आकाश बावने, दीपक वानखेड़े एवं चालक धीरज बैजामिण की अहम भूमिका रही।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण

**जागरण,खंडवा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष अभियान के रूप में पेयजल स्त्रोतों से प्रदाय जल की शुद्धता एवं गुणवत्ता का लगातार परीक्षण किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग वर्षा शिवपुरे ने बताया कि इस अभियान के तहत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा गांव गांव का दौरा कर ग्रामवासियों से चर्चा कर शुद्ध पेयजल उपलब्धता की जानकारी ली जा रही है।

इसी क्रम में शनिवार एवं रविवार को विभागीय अधिकारियों ने पंधाना विकासखण्ड के ग्राम रुस्तमपुर और बोरगांव में फ्लोराइड युक्त जल प्रदाय संबंधी शिकायतों को ध्यान में रखते हुए पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन किया।

इसके साथ ही फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने स्कूल, आंगनवाड़ी में तथा ग्रामीणजनों के बीच जाकर पेयजल परीक्षण कर उन्हें जल की शुद्धता तथा वास्तविक जानकारी से अवगत कराया।

### गांव के जल स्रोतों से पानी के सेंपल कलेक्शन किए

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी शिवपुरे ने बताया कि छैगांवमाखन विकासखण्ड के ग्राम सैयपुर में तथा खण्डवा विकासखंड के ग्राम सिरपुर में जल जागरुकता अभियान के तहत फील्ड टेस्ट किट के उपयोग के संबंध में ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया और क्लोरिन टेबलेट वितरित की गई। इसके साथ ही फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल नमूनों का परीक्षण किया और लेब परीक्षण के लिए गांव के जल स्त्रोतों से पानी के सेंपल कलेक्शन किए गए और दूषित पेयजल, जल से उत्पन्न होने वाली बीमारियों की रोकथाम के बारे में बताया और शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक किया। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी शिवपुरे ने बताया कि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि किन स्त्रोतों का पानी उनके लिए पीने योग्य है तथा किन स्त्रोतों का पानी पीने योग्य नहीं है। उन्होंने बताया कि फ्लोराइड युक्त जल प्रदाय संबंधी शिकायतों वाले गांवों के ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि लाल निशान से चिह्नित जल स्त्रोतों का पानी पेयजल के रूप में उपयोग में न लाएं, बल्कि इस पानी को अन्य कार्यो जैसे कि नहाना, कपड़े धोना, साफ़ सफ़ाई आदि में उपयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विभिन्न गांव के जल स्त्रोतों के पानी का रैंडमली परीक्षण किया जा रहा है।



## न्यूज कार्नर

### ओएफ बैरियर से बाइक चोरी

**जागरण, इटारसी।** पथरोटा थानांतर्गत आर्डनेंस फैक्ट्री बैरियर के पास से अज्ञात ने एक मोटर सायकिल उड़ा ली। फरियादी की शिकायत पर पथरोटा थाना में प्रकरण पंजीबद्ध कर बाइक चोरी की तलाश प्रारंभ कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महेन्द्र कुमार पथोरिया पिता महेश कुमार पथरिया ने शिकायत दर्ज करायी है कि 27 और 28 दिसंबर 25 के मध्य अज्ञात ने उनकी बाइक क्रमांक एमपी 05, जेडई 1812 चुराकर ले गया। बाइक की वर्तमान कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। हरसंभव तलाश के बाद 17 जनवरी को उन्होंने पथरोटा थाने में शिकायत दर्ज करायी है।

### विधायक बरैया का बयान निंदनीय : तिवारी

**जागरण, इटारसी।** भाजपा के जिला सह-प्रवक्ता राजा तिवारी ने कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं के प्रति दिए गए बयान को अत्यंत आपत्तिजनक और अशोभनीय बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। तिवारी ने कहा कि बरैया का यह बयान न केवल महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला है, बल्कि यह कांग्रेस पार्टी की महिला विरोधी मानसिकता को भी उजागर करता है। तिवारी ने आरोप लगाया कि एक जनप्रतिनिधि से ऐसी भाषा की अपेक्षा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिला सम्मान की बात केवल दिखावे के लिए करती है, जबकि उनके नेता लगातार अमर्यादित टिप्पणियां कर रहे हैं। भाजपा ने मांग की है कि कांग्रेस पार्टी विधायक बरैया पर तत्काल कार्रवाई करे और सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

### नाबालिग से गाली गलौज और मारपीट

**जागरण, इटारसी।** पथरोटा थाना अंतर्गत महानगरी कालोनी नयायार्ड में चार लोगों ने एक नाबालिग किशोरी के साथ न सिर्फ गाली गलौज की, बल्कि मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर आरोपियों पर मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महानगरीय कालोनी निवासी एक किशोरी ने उसी के मोहल्ले के नीरज पथरोट पिता मोहन पथरोट, नंदनी पति नीरज पथरोट, पुष्पा पति मोहन पथरोट और लक्ष्मी पति सूरज पथरोट के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है।

### चबूतरे पर शराब पीना पड़ा महंगा

**जागरण, इटारसी।** एक व्यक्ति को सब्जी बाजार के चबूतरों पर शराब पीना महंगा पड़ गया है। पुलिस ने उससे शराब और अन्य सामग्री जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मामला तवानगर थाने का है, जहां तवानगर सब्जी बाजार के चबूतरे पर ओमप्रकाश उर्फ डोमा पिता माठूलाल सातनकर 45 वर्ष बैठकर शराब पी रहा था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर शराब और चखना जब्त कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### कास्दा में डे-नाइट कबड्डी प्रतियागिता

**जागरण, इटारसी।** हमारा गांव संगठन के नेतृत्व में कबड्डी डे नाईट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम कास्दा खुर्द में किया, जिसमें 40 टीमों ने भाग लिया। प्रथम विजेता टीम राजरानी नर्मदापुरम ने 11 हजार एक रुपए, द्वितीय सामलिया खेड़ी ने 7 हजार एक, एवं तृतीय पुरस्कार झुनकर को 5 हजार एक रुपए मिला।

# सड़कों पर नन्हे यमदूत : प्यार या मौत का सामान...?

# अभिभावकों की लापरवाही और पुलिस की सुस्ती बढ़ा रही खतरा

**जिस उम्र में हाथ में कलम और भविष्य के सपने होने चाहिए, उस कच्ची उम्र में माता-पिता खुद अपने लाड़लों के हाथों में मौत की चाबी थमा रहे हैं। इटारसी की सड़कों पर फर्राटा भरते ये 'नन्हें यमदूत' न केवल अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं, बल्कि दूसरों के घरों के चिराग बुझाने का सबब भी बन रहे हैं। सोहागपुर में तीन मासूमों की चीखों ने यह साबित कर दिया है कि सड़क 'बचपन' की गलतियों को माफ नहीं करती। प्रशासन की अनदेखी और अभिभावकों का अंधा प्यार मिलकर बच्चों को श्मशान की ओर धकेल रहा है। याद रखिए, आपके बच्चे की जिद पूरी करना उसकी जान लेने से बड़ा नहीं है, आज चाबी नहीं छीनी, तो कल सिर्फ पछतावा बचेगा। कानून की सख्ती तो सिर्फ जुर्माना लेगी, लेकिन सड़क की बेरुखी सीधा जिंदगी छीन लेगी। जागिए, इससे पहले कि कोहरे की चादर किसी मासूम का कफन बन जाए।**



**जागरण, इटारसी।** क्या आप जानते हैं कि जब आप अपने नाबालिग बच्चे के हाथ में बाइक या कार की चाबी थमाते हैं, तो आप उसे सुविधा नहीं बल्कि सफेद कफन की ओर धकेल रहे होते हैं? सोहागपुर में बीते दिनों हुई हृदय विदारक दुर्घटना, जिसमें नौवीं कक्षा के तीन छात्रों की जान चली गई, हमारे समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है। लेकिन अफसोस! इटारसी की सड़कों पर आज भी दर्जनों नन्हें यमदूत फर्राटा भरते देखे जा सकते हैं, जिन्हें न नियमों का ज्ञान है और न ही अपनी जान की परवाह।

### पुलिस की सुस्ती बनी ढाल

पुलिस समय-समय पर चौक-चौराहों पर चैकिंग करती है, लेकिन गलियां, कोचिंग संस्थान, स्कूल आदि के पास कोई चैकिंग नहीं होने से ऐसे बच्चे हाथ नहीं आते। नागरिकों का कहना है कि पुलिस केवल मुख्य चौराहों पर हेलमेट की जांच तक सीमित रहती है। स्कूलों और कोचिंग सेंटरों के बाहर रैंडम चेकिंग का अभाव है। जब तक पुलिस सख्ती दिखाकर वाहनों को लंबे समय के लिए जब्त नहीं करेगी और रजिस्ट्रेशन रद्द करने जैसी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अभिभावकों और बच्चों में कानून का डर पैदा नहीं होगा।

### कोचिंग सेंटर पर डरावना नजारा

इटारसी शहर में संचालित होने वाली कोचिंग के इलाकों का नजारा बेहद डराने वाला है। शहर के स्कूल और कोचिंग क्लासेस छूटने के समय 14 से 17 साल के बच्चे बिना हेलमेट, ट्रिप्पल राइडिंग और हाई-स्पीड में वाहन दौड़ाते मिलते हैं। जोश में होश खोते इन बच्चों के लिए सड़क मानो कोई रेसिंग ट्रैक हो। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए ये बच्चे गलियों का सहारा लेते हैं, जहां दुर्घटना की संभावना और भी बढ़ जाती है। लोगों के समझाने पर भी बच्चे नहीं मानते।

### मौत की रफ्तार पर लगाम के लिए 4 अग्निशस्त्र

| उपाय | विवरण |
|---|---|
| अभिभावकों पर एफआईआर | नाबालिग के पकड़े जाने पर सारा जुर्माना और कानूनी सजा अभिभावकों पर तय हो। |
| स्कूलों का 'रेड कार्ड' | ट्रैफिक पुलिस स्कूलों के साथ तालमेल बनाए। बिना लाइसेंस वाहन लाने वाले छात्रों का नाम स्कूल नोटिस बोर्ड पर लगे। |
| गलियों में भी पहरा | मुख्य सड़कों के साथ-साथ पुलिस उन गलियों में भी सरप्राइज चेकिंग करें जहां से बच्चे बचकर निकलते हैं। |
| सामाजिक बहिष्कार | मोहल्लों में यदि कोई नाबालिग तेज रफ्तार गाड़ी चलाए, तो पड़ोसियों को चुप रहने के बजाय तुरंत टोकना और शिकायत करना होगा। |

### सावधानी ही सुरक्षा है

वर्तमान में पड़ रही ठंड और कोहरे के कारण दृश्यता कम है। ऐसे में बिना रिफ्लेक्टर टेप, ओवरस्पीडिंग और गलत तरीके से ओवरटेक करना जानलेवा साबित हो रहा है। प्रशासन ने हिदायत दी है कि अभिभावक अपने बच्चों को तब तक चाबी न दें, जब तक उनके पास 18 वर्ष की आयु और वैध ड्राइविंग लाइसेंस न हो।

### इनका कहना है...

पुलिस समय-समय पर कार्रवाई करती है। बल की कमी होने से सभी जगह पाइंट नहीं लगा सकते, जल्द ही स्कूल और कोचिंग सेंटर्स के आसपास चैकिंग की जाएगी। अभिभावकों को भी समझना होगा अन्यथा मोटर व्हीकल एक्ट में उन पर ही एफआईआर हो सकती है।

**गौरव बुंदेला,** नगर निरीक्षक

### दुलार नहीं अपराध है यह

अभिभावकों का तर्क होता है कि बच्चा थक जाता है या समय की कमी है, इसलिए उसे गाड़ी दे दी। लेकिन टीआई गौरव बुंदेला की चेतावनी स्पष्ट है नाबालिग को वाहन देना कानूनन अपराध है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अब केवल बच्चा ही नहीं, बल्कि वाहन मालिक और अभिभावक भी जेल की हवा खा सकते हैं। सोहागपुर की घटना ने साबित कर दिया कि एक पल की लापरवाही हंसते-खेलते परिवारों को उम्र भर का गम दे जाती है।

**पूज्य पंचायत सिंधी समाज ने बैठक में लिया ऐतिहासिक निर्णय**

## अमर्यादित व्यवहार के कारण लालवानी को सामाजिक गतिविधियों से किया निष्कासित

**जागरण, इटारसी।** पूज्य पंचायत सिंधी समाज ने सामाजिक अनुशासन को सर्वोपरि रखते हुए एक कड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है। विगत कई महीनों से समाज के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने और पदाधिकारियों के विरुद्ध सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में सन्नी लालवानी पिता प्रकाशचंद लालवानी को सामाजिक गतिविधियों से निष्कासित कर दिया है।

### अमर्यादित आचरण और विवाद का मुख्य कारण

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सन्नी लालवानी लंबे समय से विभिन्न सोशल मीडिया समूहों में पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारियों और अन्य सम्मानित सदस्यों के खिलाफ झूठी, बेबुनियाद और गाली-गलौज युक्त पोस्ट साझा कर रहे थे। इन भ्रामक पोस्टों से पूरे समाज में रोष व्याप्त था।

### बैठक में मारपीट और पुलिस कार्रवाई

इस विवाद को सुलझाने के उद्देश्य से 16 नवंबर 2025 को सिंधी धर्मशाला में समाज के पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में जब सन्नी को समझाइश देने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने पदाधिकारियों के साथ न केवल गाली-गलौज की बल्कि मारपीट भी की। इसी संदर्भ में सिंधी पंचायत के संरक्षक मोहन मोरवानी की शिकायत पर इटारसी पुलिस थाने में सन्नी के विरुद्ध मामला दर्ज किया जा चुका है।

### संपर्क का प्रयास विफल

इस पूरे मामले पर सन्नी लालवानी का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर (9826350996) पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु उनका नंबर बंद पाया गया।

### सर्वसम्मति से लिया गया फैसला

आज रविवार, 18 जनवरी को सिंधी समाज की विभिन्न समितियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समाज के गौरव और मर्यादा को अक्षुण्ण रखने के लिए सभी समितियों ने एक स्वर में सन्नी लालवानी को सामाजिक गतिविधियों से निष्कासित करने का निर्णय लिया।

### समाज का मत

समाज में अनुशासनहीनता और पदाधिकारियों का अपमान स्वीकार्य नहीं है। सामाजिक एकता बनाए रखने के लिए यह कड़ा कदम उठाना अनिवार्य था।

**0 पूज्य पंचायत सिंधी समाज**

## चालीस वर्षों के न्याय पथ पर अडिग, 15 वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अधिवक्ता संघ ने किया सम्मान

**जागरण, इटारसी।** न्याय के मंदिर में अपने जीवन के चार दशक समर्पित करने वाले वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों का सम्मान करना समाज और न्यायपालिका के लिए गौरव का क्षण है। अधिवक्ता संघ इटारसी ने वकालत के 40 वर्ष पूर्ण कर चुके 15 वरिष्ठ अधिवक्ताओं का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

समारोह में मुख्य अतिथि तृतीय प्रधान जिला न्यायाधीश आदित्य रावत, प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अनीता खजुरिया, न्यायिक दंडाधिकारी सूर्यपाल सिंह राठौर, आयुषी गुप्ता और यतिन अग्रवाल ने भी मंच साझा किया। जिला मुख्यालय से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शर्मा मैडम ने भी सभी सम्मानित अधिवक्ताओं को अपनी शुभकामना पत्र प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत और सचिव पारस जैन ने अपने संबोधन में वरिष्ठों के अनुभव को कनिष्ठों के लिए मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीशों के साथ-साथ शासकीय अभिभाषक बीएस भदौरिया, पूर्व अध्यक्ष संतोष गुरयानी और प्रवक्ता विनोद भावसार का भी सम्मान किया।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मनीष बाजपेई, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती ममता नागेश, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे, सहसचिव विजय दुबे, ग्रंथपाल कंचन मेहरा सहित टैक्स बार एसोसिएशन और अधिवक्ता संघ के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। संचालन संतोष गुरियानी ने एवं आभार प्रदर्शन राजेश चौरे ने किया।




### इनको किया सम्मानित

वकालत के क्षेत्र में 40 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर संघ ने अरविंद जैन, प्रेम शंकर मिश्रा टैक्स बार, दिनेश चौरसिया टैक्स बार, दिनेश कुमार शर्मा, आरके तिवारी, अजय तिवारी, आरएन पगारे, मोहन गुप्ता, एमआई खान, आरबी पांडे, ओपी रैकवार, अशोक शर्मा, हिमांशु मिश्रा, अरविंद गोईल, पूनम चंद जैन टैक्स बार को सम्मानित किया।

### शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब मेधावी सम्मानित

**जागरण, इटारसी।** महर्षि एवं गुरु गोविंद सिंह बस्ती के तत्वावधान में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शुभारंभ सूरजगंज चौराहा स्थित दुर्गा माता मंदिर से हुआ। ढोल-नगाड़ों और जय श्रीराम के जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा में पुरुष सफेद और मातृशक्ति पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुई। शोभायात्रा भरत मंदिर पहुंची, जहां प्रभु श्रीराम की महाआरती की। सरला मंगल भवन पर भारत माता पूजन एवं राष्ट्रगीत के साथ सम्मेलन शुरू हुआ। क्षेत्र प्रचारक कैलाशचंद्र ने कहा कि हिंदू समाज राष्ट्र की आत्मा है, जिसे जागृत और संगठित रहकर राष्ट्रहित में समर्पित रहना चाहिए। बच्चों ने श्रीराम दरबार, रानी दुर्गावती एवं लक्ष्मीबाई की झांकियां प्रस्तुत कीं। मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं समरसता भोज भी हुआ। बस्ती संयोजक कल्पेश अग्रवाल ने क्षेत्र प्रचारक को तलवार भेंट कर धर्म व संस्कृति की रक्षा का संकल्प दोहराया। इस दौरान सुनील पाठक, राजेश अग्रवाल, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गोदाम ही नहीं गौधाम भी बनाएं : पं. नीरज

**जागरण, इटारसी।** गोदाम यदि पूंजी प्राप्ति का साधन है, तो गौधाम पुण्य प्राप्ति का मार्ग है। आज हमारी संस्कृति की रीढ़ गौवंश सड़कों पर है, जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। यह मार्मिक विचार कथावाचक पं. नीरज महाराज ने व्यक्त किए। वे खेड़ापति माता मंदिर प्रांगण रैसलपुर में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

### सड़कों पर गौवंश भविष्य पर प्रश्नचिह्न

महाराज ने कहा कि समय बदलने के साथ कृषि करने वालों ने गाय की जगह गाड़ियों को दे दी, जिससे गौमाता बेघर होकर सड़कों पर आ गई। उन्होंने ऋषि, कृषि और कुर्सी (प्रशासन) तीनों से इस चिंतनीय विषय पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिस गैया और मैया ने हमें अपने दूध रूपी अमृत से सक्षम बनाया, आज उन्हें सड़कों पर छोड़ना हमारी कृतघ्नता है। पारिवारिक कलह पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि आज घरों में वास्तु दोष से ज्यादा वाक्य दोष (कड़वी वाणी) है। यही वाणी पारिवारिक प्रेम को खत्म कर रही है।



### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। नंद घर आनंद भयो के भजनों पर पूरा पंडाल नृत्य कर उठा। उन्होंने अंत में कहा कि भगवान की कथा ही मानव की व्यथा मिटाने का एकमात्र साधन है।

### मोह-माया का त्याग ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग : पं. दुबे

**जागरण, इटारसी।** ग्राम तवानगर के शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन आज वैराग्य के प्रतीक जड़भरत की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास पं. सौरभ दुबे बिछुआ वाले ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीव जब तक सांसारिक मोह-माया में फंसा रहता है, तब तक उसे मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती। महाराज ने जड़भरत के प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि कैसे एक मृग के मोह के कारण राजा भरत को पुनर्जन्म लेना पड़ा। उन्होंने शिक्षा दी कि भक्ति के मार्ग में आसक्ति ही सबसे बड़ी बाधा है। आज की कथा में भजनों पर भक्त जमकर झूमते नजर आए। इस अवसर पर शिव मंदिर सेवा समिति और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सर्वश्रेष्ठ 'अंडर-14' टीम की तलाश ट्रायल देने प्रतिभाओं का जमावड़ा

**जागरण, इटारसी।** तहसील इटारसी की क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और जिला स्तर पर एक मजबूत टीम तैयार करने के उद्देश्य से आज कैडबरी क्रिकेट एकेडमी में अंडर-14 बालक वर्ग के क्रिकेट ट्रायल का सफल आयोजन किया गया। नर्मदापुरम संभाग के खेल मार्गदर्शक कुलभूषण मिश्रा की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस ट्रायल ने क्षेत्र के नन्हे क्रिकेटरों में उत्साह भर दिया।

कुलभूषण मिश्रा ने बताया कि इस ट्रायल का मुख्य उद्देश्य इटारसी तहसील की एक ऐसी संतुलित और जुझारू टीम तैयार करना है, जो आगामी जिला स्तर पर नर्मदापुरम में खेले और वहां से अच्छे खिलाड़ी निकलें जो आगे जा सकें। लक्ष्य है कि यहां के खिलाड़ी न केवल जिले में खेलें, बल्कि अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर संभाग और राज्य स्तर पर भी अपनी जगह पक्की करें। आज के ट्रायल में इटारसी तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 35 से 40 प्रतिभावान बालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एकेडमी के प्रबंधकों ने बताया कि खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के लिए हर रविवार विशेष प्रैक्टिस सत्र आयोजित किए जाते हैं। एकेडमी में नेट प्रैक्टिस और फील्डिंग के कड़े मानकों पर बच्चों का परीक्षण किया। इस आयोजन से उम्मीद जगी है कि इटारसी से जल्द ही कुछ ऐसे खिलाड़ी निकलेंगे।

### चयनकर्ताओं ने परखी खिलाड़ियों की प्रतिभा

मैदान पर बच्चों की तकनीक, फिटनेस और खेल भावना को परखने के लिए अनुभवी चयनकर्ताओं की टीम मौजूद रही। चयन प्रक्रिया में मुख्य रूप से कुलभूषण मिश्रा, जितेंद्र ओझा, हरीश हनोतिया ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों के बारे में भी बताया।

**आर्टशाला** | इरादे फौलादी हों तो रसोई के एक छोटे से कोने से भी क्रांति की शुरुआत की जा सकती है

## जहां कचरा बनता है कंचन और हुनर को मिलते हैं पंख

**जागरण, इटारसी।** कहते हैं कि अगर इरादे फौलादी हों तो रसोई के एक छोटे से कोने से भी क्रांति की शुरुआत की जा सकती है। इटारसी की प्रियंका मालवीय ने इस बात को सच कर दिखाया है। प्रियंका आज केवल एक नाम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का एक ऐसा ब्रांड बन चुकी हैं, जिसकी गूंज अब पूरे नर्मदापुरम जिले में सुनाई देगी। टिमरनी की प्रतिष्ठित तिनका सामाजिक संस्था ने उन्हें चैंपियन ऑफ चेंज फेलोशिप के लिए चुनकर उनके संघर्ष और विजन पर मुहर लगा दी है।

### आत्मनिर्भरता का सफर

प्रियंका मालवीय की यात्रा वेस्ट टू वेल्थ यानी कचरे से कमाई के मंत्र पर आधारित है। उन्होंने शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को यह सिखाकर बदलाव की नींव रखी कि रसोई का गीला कचरा फेंकने की चीज नहीं, बल्कि काला सोना यानी खाद है। उनकी आर्टशाला इसी सोच का विस्तार है। पिछले 5 वर्षों से वे इको-फ्रेन्डली ग्रो बैग्स और हैंडमेड बैग्स तैयार कर रही हैं। सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे अब तक पांच हजार से अधिक बैग्स की बिक्री कर चुकी हैं।



### सिर्फ व्यापार नहीं आजीविका का आधार

प्रियंका का यह स्टार्टअप केवल मुनाफा कमाने का जरिया नहीं है। उन्होंने अपने साथ कई अन्य महिलाओं को जोड़कर उनके हाथों को काम दिया है। पौधे सिर्फ गमलों में नहीं, सपनों के साथ ग्रो-बैग्स में भी पनपते हैं, प्रियंका का यह विचार बताता है कि वे समाज की मिट्टी को भी उपजाऊ बनाना चाहती हैं।

### बदलाव की नई कमान

अब चैंपियन ऑफ चेंज के रूप में प्रियंका नर्मदापुरम जिले की किशोरियों और महिलाओं के बीच जाकर उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वरोजगार के प्रति जागरूक करेंगी। उनके बनाए उत्पाद हर रविवार को इटारसी ऑडिटोरियम के जैविक बाजार में उपलब्ध होते हैं, जो यह संदेश देते हैं कि पर्यावरण बचाना और आत्मनिर्भर बनना दोनों एक साथ संभव है। प्रियंका की यह उड़ान उन हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो घर की चारदीवारी से निकलकर कुछ नया करने का सपना देखती हैं।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर वार्ड 23 में घर-घर संपर्क, सौंपा भारत माता का कैलेंडर



**जागरण, इटारसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ 20 जनवरी को बालाजी बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को वार्ड 23 में मोहल्ला समिति द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

समिति के सदस्यों ने वार्ड के प्रत्येक घर में दस्तक देकर नागरिकों को सपरिवार सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान भारत माता के चित्र वाला कैलेंडर और आमंत्रण पत्र भेंट कर सनातन धर्म के उत्थान और एकता की अपील की गई। वार्ड वासियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी।

जनसंपर्क अभियान में समिति संरक्षक व पार्षद राकेश जाधव, संयोजक राजकुमार दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, सुनील दुबे, विजय दुबे, लीलाधर यादव, विजय राव नाईक, बृजमोहन सिंह मीना, हैप्पी शर्मा, शैंकी चुटीले, नीलेश पटैरिया, आयुष अग्रवाल और प्रतीक मालवीय सहित कई सदस्य शामिल रहे।

### नवग्रह दुर्गा मंदिर परिसर में कार्यक्रम

यह सम्मेलन 20 जनवरी मंगलवार को बालाजी बस्ती के नवग्रह दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 22, 23, 27 एवं 28 के नागरिक मुख्य रूप से सहभागिता करेंगे। अभियान का उद्देश्य जाति-पांति के भेदभाव को मिटाकर समाज को संगठित करना है।